समाज को योग्य चिकित्सक देना रिम्स की पहली प्राथमिकता

रायपुर. इस वर्ष शुरू हो रहे रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (रिम्स) का उद्देश्य 'सभी के लिए' स्वास्थ्य है। इसमें 1 सितंबर से 15 अक्टूबर तक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। संचालकों के मुताबिक चिकित्सा के सभी मानदंडों के अनुरूप समाज को विशिष्ट चिकित्सा एवं विशिष्ट चिकित्सक देने के लिए संस्थान का निर्माण किया गया है। रिम्स 30 एकड़ में फैला हुआ है। इस संस्था में 350 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त अस्पताल का निर्माण किया गया है।

संस्थापक एवं लार्ड बुद्धा एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष दिलीप कुमार ने बताया कि संस्थान के मेडिकल कॉलेज को 150 सीटों की मान्यता मिली है। कॉलेज का उददेश्य योग्य चिकित्सक, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टॉफ देना है। संस्थान के सीईओ जसपाल भामरा ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में 1 सितंबर से निशुल्क उपचार शिविर लगाया जा रहा है।

इसमें सीटी स्कैन और सोनोग्राफी से लेकर ऑपरेशन तक फ्री में होंगे। इसमें 450 कर्मचारी अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में जनरल सर्जरी, गॉयनिक, आर्थोपेडिक के ऑपरेशन, मेडिसीन, हार्ट, मस्तिष्क, ब्लड, कैंसर, किडनी, छाती रोग आदि की निशुल्क जांच होगी।